Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Shortage of Fertilizers.

श्री संतोष कुमार (पूर्णिया): अध्यक्ष महोदय, आज देश के किसानों के सामने खाद का संकट खड़ा हो गया है। मुझे यह लग रहा है कि बिहार के साथ-साथ कई प्रदेशों में खाद के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कई जगहों पर धरना-प्रदर्शन भी हो रहे हैं।

महोदय, अभी रबी की फसल का मौसम है। इस मौसम में अत्यधिक यूरिया, डीएपी और पोटाश की आवश्यकता होती है। हमारी उत्पादकता भी इन्हीं पर निर्भर करती है। अत: खाद की कमी से देश के किसानों के सामने विकट स्थिति उत्पन्न हो गई है।

महोदय, मैं बिहार की चर्चा करना चाहता हूं। अभी रबी का सीजन है।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप मांग रख दें।

… (व्यवधान)

श्री संतोष कुमार : मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्णिया के साथ-साथ कोसी और सीमांचल इलाके में मक्के की खेती होती है और शेष बिहार में गेहूं और केले की खेती होती है। जब फसल लग जाती है, तो 20-25 दिनों के बाद उसमें यूरिया खाद की आवश्यकता होती है। आज भयावह स्थिति है। यूरिया नहीं मिल रहा है। आप प्रत्येक दिन टीवी चैनलों पर देखेंगे तो पाएंगे कि किसान कतार में खड़े हैं।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : इसके लिए सप्लिमेंट्री ग्रांट में दो लाख रुपए फिर दिया गया है।

… (व्यवधान)

श्री संतोष कुमार : बिहार को खाद का 100 फीसदी कोटा उपलब्ध करा दिया जाए। हमारे यहां यूरिया के लिए किसानों की लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। किसानों की फसल बर्बाद हो रही है।

इसलिए आपके माध्यम से उर्वरक मंत्री जी से मेरी विनती है कि बिहार को खाद उपलब्ध करा दिया जाए।